## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविरों में निजी चिकित्सालय भी देगें सहभागिता

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से 17 सिंतबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में आयोजित होने वाले 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में छिन्दवाड़ा शहर के निजी चिकित्सालय भी अपनी सहभागिता देंगें। इसे लेकर सांसद कार्यालय में सांसद बंटी विवेक साहू ने शहर के निजी चिकित्सालयों के डॉक्टरों और स्टॉफ सहित आयोजन समिति की बैठक ली। इस दौरान सांसद श्री साहू ने डॉक्टरों से अपील की है कि इन 100 शिविरों को सफल बनाने के लिए आप लोगों की भूमिका भी अहम रहेगी। आप लोग भी उक्त शिविरों में शामिल होकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाए। उन्होंने कहा कि आप अपने-अपने अस्पतालों को आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने का प्रयास करे। जिससे की यहा के मरीजों को नागपुर या अन्य बड़े शहरों में इलाज के लिए जाना ना पड़े। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों ने उक्त 100 दिवसीय शिविरों को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन सांसद को दिया है। बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि सेवा ही संकल्प अभियान को लेकर पिछले वर्ष छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में 100 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 80 हजार से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सैंकड़ों मरीजों का अलग-अलग बीमारियों का छिंदवाड़ा सहित महानगरों में ऑपरेशन कराया गया था। इस दौरान गांवों में बिना ईलाज किए घरों में पड़े हुए मरीजों को भी शिविरों के माध्यम से बेहतर उपचार मिला था। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों जिलों में 100 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बेहतर ईलाज मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले 100 शिविरों में भी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ की भूमिका अहम रहेगी। उक्त 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों की तिथि और स्थानों का चयन कर लिया गया है। शिविरों में चिन्हित गंभीर मरीजों का जिला अस्पताल, निजी चिकित्सालयों सहित महानगरों में भेजकर उचित ईलाज और ऑपरेशन किया जाएगा।

### मृत महिला के नाम से करवा दी गई उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री, फर्जी जमीन मालिक बनाकर करा दी रजिस्ट्री

# फर्जी रजिस्ट्री के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

इस आदिवासी अंचल के उपपंजीयक कार्यालय में भ्रष्टाचार की एक बड़ी कारगुजारी का खुलासा हो गया है। यहां पर एक बड़े मामले में बीते दिवस जुन्नारदेव पुलिस ने कल 6 लोगों पर मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपी सतपाल पाल पिता बुद्धू पाल, मालती जायसवाल एवं ओवेश खान पिता शेख अख्तर को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर दिया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

जुन्नारदेव पुलिस ने फर्जीवाड़े के इस मामले में अपराध क्रमांक 0327/ 2025 में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 120 बी, 419, 420, 467, 468 और 471 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।




नगर निरीक्षक राकेश बघेल एवं उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे ने बताया कि इस मामले में भू माफिया सतपाल पाल, इंद्र सिंह चौहान, मालती जायसवाल, चंद्रपाल पवार , ओवेस खान और अजेश सूर्यवंशी को आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस अन्य तीन आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।

**यह था मामला :** आदिवासी अंचल जुन्नारदेव के सुकरी गांव में खसरा क्रमांक 483 /9 का रकबा 0.300 की मालिक ललिता बाई यदुवंशी ने 2003 में सावित्रीबाई के बीच सौदा कर लिया गया था। इस जमीन को सावित्री बाई के परिजनों ने कब्जे में ले लिया था, लेकिन इसका नामांतरण अभी बाकी था। पुलिस ने अपनी इस जांच में बताया कि विक्रेता ललिता बाई यदुवंशी ने 2003 में सुकरी स्थित इस भूमि की रजिस्ट्री क्रेता सावित्रीबाई को कर दी थी लेकिन सावित्री बाई की मृत्यु हो जाने के कारण उसका नामांतरण नहीं हुआ था। इसी बीच वर्ष 2014 में विक्रेता ललिता बाई यदुवंशी की भी मृत्यु हो गई।

इसके बाद इस मामले की जानकारी भू माफिया सत्यपाल नामक युवक को हुआ जिसने यही भूमि इंद्र सिंह चौहान पिता बाबूलाल सिंह चौहान निवासी वार्ड क्रमांक 15 को फर्जी रूप से बचने का निश्चय कर लिया। इसने यहां पर फर्जी रूप से मालती जायसवाल को ललिता बाई के नाम से खड़ा कर स्टांप वेंडर चंद्रपाल पवार की मदद से आधार कार्ड में कूट रचना कर जमीन की रजिस्ट्री कर दी। मामले का खुलासा पीड़ित परिवार के द्वारा जिला कलेक्टर को शिकायत करने के बाद हुआ। जिस पर पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए उक्त मामला दर्ज कर आज तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी इस मामले में शेष तीन आरोपी फरार है।

### मामले की जांच में आरोपियों की संख्या बढ़ने की संभावना

जुन्नारदेव पुलिस के द्वारा यह मामले की शिकायत प्राप्त होने के बाद लगभग चार महीने की बड़ी जद्दोजहद के बाद बीते दिवस ही मामले को दर्ज किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इस मामले की सूक्ष्म रूप से जांच किए जाने पर मामले में और आरोपियों की संख्या बढ़ जाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस मामले में गौरतलब है की तहसील कार्यालय और उप पंजीयक कार्यालय की भी अहम भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पीड़ित परिवार ने इस मामले में जांच के दायरे में इन दोनों ही कार्यालय के प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी को भी जांच के दायरे में लेने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### उप पंजीयक कार्यालय की भ्रष्टाचारी कार्यप्रणाली उजागर

इस आदिवासी अंचल में भोले भाले आदिवासियों सहित अन्य आम जनता की भूमिका गोलमाल बड़ी तेजी से हो रहा है। इसका बड़ा स्रोत इस क्षेत्र का उपपंजीयक कार्यालय को माना जा रहा है। यहां पर पदस्थ अधिकारी के द्वारा कथित रूप से सप्ताह के तीन दिन ही परासिया से आना-जाना कर शासकीय कार्य किया जाता है। इसी बीच इस कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कथित रूप से कई रजिस्ट्री में बड़े गोलमाल भी किए जाने की संभावनाएं मानी जा रही है। पुलिस के द्वारा इसी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की यदि निष्पक्षता एवं सूक्ष्मता से जांच की जाती है तो निश्चित रूप से अप पंजीयक कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित तहसील कार्यालय के आला अधिकारियों पर भी इस जांच की आंच आ सकती है।

# मां की बगिया में लगने वाली करोड़ों की सामग्री सप्लाई करने दलाल होने लगे सक्रिय

### पसंदीदा हार्डवेयर से सप्लाई करवाने मनरेगा शाखा बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मां की बगिया योजना पर वैसे तो ग्रहण लगा हुआ है क्योंकि उपयंत्रीयो की हड़ताल जो जारी है। शासन द्वारा आजीविका मिशन अंतर्गत जो स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लाभान्वित करने मां की बगिया योजना लाई गई है।

इस योजना के तहत महिला हितग्राहीयो के खेतों में फलदार पौधे लगाये जाना एवं इसकी सुरक्षा भी कराई जाना इसके लिए शासन द्वारा 3 वर्षों में हितग्राही के खाते में दो लाख चौरसी हजार रू का भुगतान किया जाएगा, वहीं पौधों से निकलने वाले फलों को बेचकर महिलाएं लखपति बन सकेगी, किंतु इस योजना में भी मुर्गी पालन योजना की भांति ठेकेदारों को अघोषित ठेकेदार बनाने मनरेगा शाखा केअधिकारी




कर्मचारी लग गए है। सर्व विदित है कि तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत कराए गए मनरेगा योजना के निर्माण कार्य में किया गया भट्टाचार किसी से छुपा नहीं है। इसमें सबकी हिस्सेदारी बराबर है। इस कारण लाख शिकायत के बावजूद भी जांच नहीं होना आश्चर्य की बात है।

लेकिन अब मां की बगिया योजना में पूरी जनपद के अंतर्गत 100 मां की बगिया योजना के तहत 28 करोड़ रूपया खंबे फेंसिंग जाली के अलावा गड्ढे में पानी रोकने हेतु पॉलिथीन खरीदी जाना है। इसकी भनक लगते ही सामग्री बेचने वाले दलाल सक्रिय हो गए हैं और वह मनरेगा शाखा में अपनी सामग्री बेचने के लिए जुगाड़ करने लगे हैं। लेकिन हैरत करने वाली बात यह है कि अभी हितग्राहियों का चयन पूर्ण रूप से नही हो पाया पौधों के लिए खोदे जाने वाले गड्ढो का लेआउट हुआ ना हीं तकनीकी स्वीकृति मिली है। फिर इस योजना की जानकारी सामग्री बेचने वाले तक कैसे पहुंची कि या मनरेगा के कर्मचारी ने पहुंचाई है। यह सारे विषय सोचनीय है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि एक पंचायत सचिव जो मनरेगा शाखा में अपने भाई के हार्डवेयर के बिल लगवाने के लिए जग जाहिर है। उसके पीछे कारण यह है कि सचिव के माध्यम से कमीशन तकनीकी अमले एवं अधिकारियों को सुरक्षित नगद राशि के रूप में मिलता है। बस अमला इसी सचिव के माध्यम से मां की बगिया में लगने वाली सामग्री का अघोषित टेंडर देने में सक्रिय है। अब देखना यह है, कि इस सप्लायर को कितनी सफलता मिलती है जबकि नियमानुसार इतनी भारी राशि की सामग्री खरीदी की जाना है तो कोटेशन के माध्यम से क्रय नियमों का पालन करते हुए कोटेशन बुलाने चाहिए जिससे हितग्राही को पसंदीदा एवं उपयोगी सामग्री उपलब्ध हो सके। अब देखना यह है कि मां की बगिया में हितग्राही सामग्री खरीदता है या फिर अधिकारी उस चहेते सप्लायर से घटिया सामग्री थोपने मजबूर करते हैं।

### जिले में अभी तक 914.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 914.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1202 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 13 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 4.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 13 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.4, मोहखेड़ में 1.3, तामिया में 12, अमरवाड़ा में 04, चौरई में 4.2, हर्रई में 5.8, बिछुआ में 05 और चांद में 12.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 785.7, मोहखेड़ 912.52, तामिया में 1051.2, अमरवाड़ा में 904.8, चौरई में 850.6, हर्रई में 1264.7, बिछुआ में 882.3, परासिया में 682.2, जुन्नारदेव में 907.2, चांद में 960.3 और उमरेठ में 903.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है ।

### भ्रामक खबरों से सावधान रहें किसान भाई- कलेक्टर

## छिंदवाड़ा जिले में खाद की है पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शासन द्वारा जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी तरह के उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण मार्कफेड के गोदामों और समितियों में उपलब्ध है। किसानों को आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। खरीफ सीजन 2025 के दौरान अभी तक जिले में 119005 मी. टन यूरिया, 27337 मी. टन सुपर फॉस्फेट, 7063 मी. टन एमओपी, 10406 मी. टन डीएपी और 31998 मी. टन एनपीके का वितरण किया जा चुका है। कुल 195809 मी. टन उर्वरकों के वितरण के बाद भी आज दिनांक की स्थिति में 3280 मी. टन यूरिया, 13348 मी. टन सुपर फॉस्फेट, 1052 मी. टन एमओपी, 7378 मी. टन डीएपी और 6054 मी. टन एनपीके को मिलाकर कुल 31112 मी. टन उर्वरक उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने जिले के किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी तरह की खाद आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

### बच्चों ने जानी पुलिस संचालन की कार्यप्रणाली

**शिवपुरी /परासिया :** बाल मित्र योजना का विशेष अभियान 8 सितंबर से 15 सितंबर तक छिंदवाड़ा जिले के प्रत्येक थानों में चलाया जा रहा है । पुलिस मुख्यालय भोपाल के पत्र के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा ने जिले के सभी थाना में यह आदेश



प्रसारित किया है । इसके अंतर्गत शिवपुरी (रावनवाड़ा) थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत द्वारा फ्लावर वेल स्कूल झुर्रे , शासकीय उ.मा.विद्यालय झुर्रेमाल , शा. उ.मा.विद्यालय बागवर्धिया का भ्रमण कर छात्र - छात्राओं को पुलिस सेवाओं से परिचित कराने के साथ ही सामान्य जानकारी और सामाजिक बातों के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं । थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने विद्यालयों के नन्हे मुन्हें बच्चों से रूबरू होते हुए उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली समझाया और उनके मन में पुलिस की छबि कैसी है यह भी जाना । थाना प्रभारी ने देशभक्ति जन सेवा , राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की भावना , साइबर अपराध से बचाव , नशे के दुष्परिणाम से बचाओ , डायल 112 , गुड टच एवं बेड टच , बाल विवाह उन्मूलन , पॉक्सो एक्ट , संविधान एवं कानून की मूल जानकारी छात्र छात्राओं के साथ साझा किया। इस अवसर पर एसआई राजेश नामदेव , फ्लावर वेल स्कूल झुर्रे के प्राचार्य आर.के. जावरिया , शासकीय उ.मा.विद्यालय झुर्रेमॉल की प्राचार्या सुमन चंद्रवंशी , मुकेश उईके , शासकीय उ.मा.विद्यालय बागबर्धिया के प्राचार्य टेकचंद सल्लाम , वर्षा सल्लाम के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं , छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

## भाजपा का अत्याचार अब नहीं सहेगा आदिवासी समाज

### जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर होगा धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

किसी भी आदिवासी पर अत्याचार, अब नहीं सहेगा आदिवासी समाज। भाजपा की द्वेषपूर्ण कार्रवाई का जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग एवं मप्र आदिवासी विकास परिषद देगा मुंह तोड़ जवाब। भाजपा सरकार के अन्याय व अत्याचार के खिलाफ प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर सतत रूप से धरना, प्रदर्शन व आंदोलन किए जाएंगे, जिसकी रूपरेखा आयोजित बैठक में बनाई गई।

जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग एवं मप्र आदिवासी विकास परिषद की संयुक्त बैठक राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में उपस्थित वरिष्ठ आदिवासी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि छिन्दवाड़ा के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि आदिवासियों की आवाज दबाने के लिए पुलिस और प्रशासन को हथियार के रूप में भाजपा सरकार इस्तेमाल कर रही है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल में कभी ऐसा नहीं हुआ। नेताद्वय ने आदिवासियों के सम्मान में विश्व आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया जिसे भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। भाजपा की सरकार में सबसे अधिक आदिवासियों की जमीनों का मद परिवर्तन किया जा रहा है। भाजपा के नेता और सरकार आदिवासियों को निशाना बना रही। अपने हक और अधिकार की आवाज उठाने पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है जो बेहद निंदनीय है। आयोजित बैठक में जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके की बिल्डिंग के पीछे की नाला प्रोटेक्शन दीवार को तोड़ा जाना राजनीतिक दुर्भावना को दर्शा रही है। उन पर की गई कार्रवाई किसान आंदोलन में भाजपा सांसद और कलेक्टर के आपसी व व्यापारिक सम्बंधों को उजागर करने के चलते की गई है।

## गर्व से कहो हम स्वदेशी है: सांसद साहू

### जिले में आयोजित व्यापारियों के सम्मेलन में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी अपनाने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं। स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ जनजारण अभियान के तहत गांधीगंज क्षेत्र में पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यापारी बंधुओं से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान गांधीगंज व्यापारी मंडल, छिंदवाड़ा अनाज व्यापारी संघ सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम में मौजूद सभी व्यापारियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी दरें कम की हैं। विदेशी वस्तुओं पर जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। इससे स्वदेशी वस्तुएं ग्राहकों को सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगी। गांधीगंज में गांधीगंज व्यापारी मंडल एवं अनाज व्यापारी मंडल के संयुक्त कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यापारियों की दुकानों में पहुंचकर गर्व से कहो हम स्वदेशी है के नारे लिखे हुए पर्चे लगाते हुए उनसे स्वदेशी को अपनाने की अपील की।

सांसद श्री साहू ने व्यापारियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी में भारी छुट देकर सीधे व्यपारियों और आमजनों को बड़ी राहत देते हुए सीधा लाभ पहुंचाया है। इसका लाभ व्यापारियों और आमजनों को होगा। हमें इसे और अधिक सफल बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना होगा। हमें गर्व से कहों हम स्वदेशी है, इस नारे को जन जन तक पहुंचाना होगा। इस दौरान गांधीगंज व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं सचिव अशोक संचेती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपीचंद नाथानी, अरुण अग्रवाल, अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम के तहत स्वदेशी जागरण को लेकर जानकारी दी।

## शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कुसमेली को लिया गोद



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब छिंदवाड़ा ने शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कुसमेली को गोद लिया और उसे नाम दिया हैप्पी स्कूल।हैप्पी स्कूल में इनरव्हील क्लब ने शनिवार को विशेष समारोह का आयोजन कर हिन्दी दिवस मनाया ओर शिक्षकों का सम्मान कर सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पानी की बॉटल, मिष्ठान एवं आवश्यक सामग्री का वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।सुंदर आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके, विशिष्ट अतिथि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, पूर्व इनरव्हील क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेविका सुधा रानी पाटनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।जिनका क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई, सचिव रोहिनी मेनन के साथ सीमा गुगनानी, हिना पाटनी, रमन वेदी, सौम्या गुप्ता सहित सभी क्लब सदस्यों के साथ स्कूल प्रबंधन की ओर से गीता रघुवंशी, माधुरी सोनी, माधुरी साहू ने अभिनंदन किया ओर बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया।इस अवसर पर सभी अतिथियों सहित इनरव्हील क्लब सदस्यों सहित स्कूल प्राचार्य, गुरुजनों एवं विद्यार्थियों ने छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा मंडल बिछुआ की बैठक सम्पन्न

**बिछुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक भाजपा द्वारा पूरे देश में



ऱसेवा पखवाड़ाऱ मनाया जाना है। इसी को लेकर शनिवार को भाजपा मंडल बिछुआ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई जिसके तहत 23 सितंबर को रक्त दान शिविर एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले अन्य कार्यक्रमों के विषय में चर्चा हुई ,इस दौरान बैठक को क्रमशः भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर ने संबोधित किया,एवं मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित ने आभार प्रदर्शन कर बैठक में आए सभी कार्यकर्ता बंधु का आभार जताया,इस दौरान मुख्य रूप से पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### मंडल अध्यक्षों ने कहा सेवा पखवाडे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे कार्यकर्ता

# नगर मंडलों ने तैयार की सेवा पखवाड़े की कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

राम मंदिर नगर मंडल और गुलाबरा नगर मंडल ने सेवा पखवाडे. को लेकर बैठकों का आयोजन करते हुये आगामी कार्ययोजना तैयार की है। राम मंदिर नगर मंडल ने सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला का आयोजन शिवशक्ति लॉन चंदनगांव में और गुलाबरा नगर मंडल ने सेवा पखवाडे. को लेकर बैठक का आयोजन चन्द्रप्रभा लॉन में किया।

शिवशक्ति लॉन चंदनगांव और चन्द्रप्रभा लॉन में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर और मंडल अध्यक्ष लीला बजोलिया ने विभिन्न कार्यक्रमों की



जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी, चित्रकला, प्रदर्शनी के कार्यक्रम मंडल तथा जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सभी कार्यकर्ता जुड़े और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इनसे जोड़े। उन्होने कार्यकर्ताओं को बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 100 स्वास्थ्य शिविर पूरे संसदीय क्षेत्र में लगाए जा रहे है, जिसका लाभ सभी को मिले इसकी चिंता कार्यकर्ता अवश्य करें ।

शिवशक्ति लॉन चंदनगांव में बैठक का संचालन करते हुए पंकज पाटनी ने जानकारी दी कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर बूथ पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर, एक पौधा मां के नाम पौधरोपण करना है। सभी कार्यक्रमों की जानकारी संगठन एप पर अपलोड करना है। बैठकों के प्रारंभ में वरिष्ठ कार्यकर्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिवशक्ति लॉन चंदनगांव में आभार प्रदर्शन मयूर पटेल ने किया।

### शिवशक्ति लॉन चंदनगांव की बैठक में यह रहे उपस्थित

शिवशक्ति लॉन चंदनगांव में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, मोरेश्वर हिवसे, शरद बैंडे, गजेन्द्र बारस्कर, मोहित बुनकर, मो शाहिद, बबलू पराते, शिरीन आनंद दुबे, निखिल बारस्कर, वंदना विश्वकर्मा, ऋषभ ताम्रकार, बीरबल साहू, मंगेश कपाले, चंद्रप्रकाश ठाकुर, कुणाल पाल, अनिल सोनी, चेतन सोनी, ऋषिकांत मालवीय, यश गुप्ता, राजू चौकसे, विराट भारद्वाज, नरेंद्र बागड़ी, हेमंत बारस्कर, राजेश चौरे, राजेंद्र मंडराह, राजू पवार, हेमंत गोहटे, रुक्मणि खलोते, नीलम विश्वकर्मा, आशुतोष गुप्ता, मो अल्तमश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिलाई सेंटर में लगाया मशीन सर्विसिंग कैंप



**तामिया।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन डब्ल्यू ई सी **wec** पातालकोट तामिया में सिलाई सेंटर में मशीन सर्विसिंग कैंप लगाया गया कैंप मे सारे बच्चों के साथ ओम, गायत्री मंत्र के साथ प्रारंभ हुआ जिस बच्चों की मशीन ठीक से चल नहीं पा रही थी वह अपनी मशीन लेकर कैंप सर्विसिंग में आए और मशीन के छोटे-छोटे पाट्र्स के बारे में बताया गया जिससे बच्चों ने बहुत अच्छे से मशीन के बारे में सीखा जिससे अपने घरों में स्वयं ठीक कर सके और विवेकानंद यूथ क्लब के माध्यम से **SHG** ग्रुप बना कर आगे कार्यक्रम जाएगा।इस कार्यक्रम उपस्थित गोपाल साहू, अध्यक्ष किरण वाजपेई महिला समिति अध्यक्ष, श्रीमान दिलीप वाडिवा केंद्रीय सह योजना प्रमुख, कुमारी निशा मालवी पत्रकार आकाश मंडराह जी मीडिया प्रभारी,श्रीमती अंजू विश्वकर्मा समिति सदस्य श्रीमती सरोज साहू को कोऑर्डिनेटर श्रीमती रानू साहू एवं ममता सिलौट स्वामी विवेकानंद युद्ध क्लब के मेंबर श्रीमती ज्योति कनौजिया सिलाई ट्रेनर कुमारी प्रज्ञा विश्वकर्मा ब्यूटी पार्लर ट्रेलर स्टूडेंट 50 उपस्थित रहे।मशीन रिपेयरिंग मास्टर गयाप्रसाद श्रीवास्तव द्वारा मशीन सुधारने के बारे में सिखाया गया।

### बोरी, पत्थर रख सुरक्षित किया जा रहा आवागमन

# स्टेट हाईवे पर गड्ढों की कोई नहीं ले रहा सुध





हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

छिंदवाड़ा-पिपरिया राज्य मार्ग पर मौजूद गड्ढों की कोई सुध नहीं ले रहा है । यह स्टेट हाईवे 19 है । जहां न्यूटन नगर में मार्ग के दोनों ओर सड़क पर गड्ढे मौजूद हैं । स्थानीय लोग इन गड्ढों पर बोरी , पत्थर आदि रख लोगों के लिए आवागमन सुरक्षित बना रहे हैं ।छिंदवाड़ा, परासिया, तामिया, पिपरिया एस एच 19 का लगभग 5 साल पूर्व न्यूटन में चौड़ीकरण किया गया था । जिसके अंतर्गत पहले से निर्मित सड़क से सटाकर एक लेन और बनाई गई । बांई और दांई दोनों ओर सड़क 20 - 20 फिट चौड़ी हो गई , पर निर्माण के दौरान पुरानी सड़क से नई सड़क का मिलान ठीक से नहीं किया गया ।

सड़क चौड़ीकरण के बाद से ही जॉइंट खुलने लगे और गड्ढे निर्मित होने लगे । अब इन गड्ढों का आकार बड़ा हो गया है । स्टेट हाईवे होने के चलते वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है । गड्ढों से बचने के चलते वाहन चालक अक्सर गलत दिशा से वाहन ले जाते हैं , जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है । ऐसा नहीं है , कि सड़क की यह स्तिथि यहां के नेताओं , जन प्रतिनिधियों को दिखाई नहीं देती । दिखाई तो देती है , पर कोई सुध नहीं लेता । जिन्हें अपनी और दूसरों की सुरक्षा की चिंता है वे लोग इन गड्ढों पर पत्थर , बोरी , मिट्टी आदि रखकर लोगों और वाहनों को गड्ढे से बचाने का प्रयास कर रहे हैं , जबकि इस सड़क के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी जिसकी है , उसे इस से कोई लेना देना नहीं है ।

## उमंग दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत शासकीय एकीकृत उ मा वि मोर कुंड में शुक्रवार 12 सितंबर को उमंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष शिक्षक के रूप में शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव से सेवानिवृत वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ प्रकाश अजवानी को खेल एवं शैक्षणिक विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्र जीवन में उमंग किस प्रकार से हम खेल के माध्यम से अपने आप को परिपूर्ण कर पाते हैं इसके बारे में जानकारी दी एवं हेल्थ एवं वैलनेस के अंतर्गत अपनी नियमित दिनचर्या पर जोर किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के द्वारा छात्रों को उमंग गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी लेने के लिए प्रोत्साहित कर की गई। उमंग दिवस के अवसर पर संस्था में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर संस्था की उमंग प्रभारी श्वेता साहू के द्वारा व्यवस्था की गई एवं उमंग गतिविधियों की जानकारी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा खेल शिक्षक के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मनीराम कुशराम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उमंग दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत शासकीय एकीकृत उ मा वि मोर कुंड में शुक्रवार 12 सितंबर को उमंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष शिक्षक के रूप में शासकीय महाविद्यालय



जुन्नारदेव से सेवानिवृत वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ प्रकाश अजवानी को खेल एवं शैक्षणिक विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्र जीवन में उमंग किस प्रकार से हम खेल के माध्यम से अपने आप को परिपूर्ण कर पाते हैं इसके बारे में जानकारी दी एवं हेल्थ एवं वैलनेस के अंतर्गत अपनी नियमित दिनचर्या पर जोर किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के द्वारा छात्रों को उमंग गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी लेने के लिए प्रोत्साहित कर की गई। उमंग दिवस के अवसर पर संस्था में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर संस्था की उमंग प्रभारी श्वेता साहू के द्वारा व्यवस्था की गई एवं उमंग गतिविधियों की जानकारी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा खेल शिक्षक के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मनीराम कुशराम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच कराया गया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त आदेशानुसार माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुददार के निर्देशन में तथा राकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा माननीय महेंद्र मांगोदिया जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव जी के नेतृत्व में 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कराया गया, नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय न्यायाधीशगण महेंद्र मांगोदिया, पूजा सिंह मौर्य, राहुल सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, सचिव इंद्रजीत धंडोरे अधिवक्तागण समस्त खण्डपीठ सुलकर्ता सदस्य मोरेश्वर सोनारे, मुन्नालाल गौतम, शोहेब कुरैशी, बैंक पेनल अधिवक्ता प्रशांत सोनी, सलीमुददीन खान, सहित समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, नगर पालिका जुन्नारदेव के कर्मचारीगण, विद्युत वितरण केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, पुलिस विभाग सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगणों उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उक्त नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय में लंबित पारिवारिक प्रकरण जो कि पति पत्नी के विवाद के चलते न्यायालय में लंबित था, प्रकरण में न्यायाधीश श्रीमति पूजा सिंह मौर्य जी व्दारा दोनो पक्षो को समझाईस दी जाकर उनके प्रकरण का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायालयों से क्रमशः प्रकरणों को निराकरण किया गया जिला न्यायाधीश श्रीमान महेन्द्र मांगोदिया व्दारा कुल 16 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें विद्युत प्रकरण 02, व मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 03 प्रकरण व चैक अनादरण के 01 प्रकरण तथा 06 अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायाधीश श्रीमति पूजा सिंह मौर्य जी व्दारा कुल 31 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 23 दांडिक प्रकरण, 07 चैक अनादरण के प्रकरण तथा पारिवारिक विवाद संबंधी 01 प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी प्रकार न्यायाधीश राहुल सोनी जी द्वारा कुल 42 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 21 दांडिक प्रकरण, विविध दांडिक के 19 प्रकरण, 01 चैक अनादरण के प्रकरण तथा व्यवहार वाद का 01 प्रकरण का निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल 44 दांडिक प्रकरण चैक अनादरण के 09 प्रकरण व मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 03 प्रकरण विविध दांडिक के 20, विद्युत संबंधी 02 प्रकरण, सिविल के 01 प्रकरण तथा अन्य 06 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

## नगर परिषद लांजी में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन

### नेशनल लोक अदालत में विभिन्न करों से वसूले गए एक लाख उन्नीस हजार आठ सौ छत्तीस रूपयें

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर परिषद ऐसे मामलों के लिए लोक अदालत का आयोजन कर सकती है जहाँ लोगों को विभिन्न करों (जैसे पानी का बिल, संपत्ति कर आदि) के भुगतान में देरी हुई है या करों से संबंधित अन्य विवाद हैं। लोक अदालत के माध्यम से ऐसे मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान होता है, जिससे नगर परिषद को बकाया राजस्व प्राप्त होता है।

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्रमांक एफ 6-22/2012/18-3 भोपाल दिनांक 25/02/2025 के तहत नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 सितम्बर 2025 दिन शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमे प्रीतम साह व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डपीठ लांजी एवं पीठासीन अधिकारी मयूर वाहने मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा नगर परिषद लांजी के बकायादारों को सम्पत्ति कर के 130 जल कर के 123 बिल वितरित करवाये गये थे। जिसमें से 17 प्रकरण सम्पत्ति कर के एवं 33 प्रकरण जलकर शुल्क के हालवर्श सहित निराकरण किया गया एवं सम्पत्ति कर की राशि 63476.00 जल कर शुल्क राशि 56360.00 की वसूली प्राप्त हुई। इसी प्रकार सम्पत्ति कर में 04 एवं जल कर 28 करदाताओं को छूट प्रदान की गई है एवं कुल योग वसुली 119836.00(एक लाख उन्नीस हजार आठ सौ छत्तीस रूपयें) नगर परिशद लांजी को प्राप्त हुई।नेशनल लोक अदालत 10.30 से दोप. 3.00 बजे तक आयोजित थी। उक्त आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले एवं सभापति मे किशोर रामटेक्कर की उपस्थिती में ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल के माध्यम से सम्पत्ति कर एवं जलकर आनलाईन जमा कर, करदाताओं को उत्साहवर्धन कर ई-रसीद प्रदान किया गया। जिसमें कार्यालयीन राजस्व शाखा प्रभारी संतोश भार्गव, सहायक राजस्व शाखा प्रभारी विनोद रहमतकर,कम्प्यूटर आपरेटर-गोविंद कुमार राऊत,ईनगरपालिका 2.0 तकनिकी सहायक- रोहित पिछोडे एवं समस्त राजस्व वार्ड प्रभारी संजय भण्डाकर, शैलेन्द्र पाण्डे, आकाश महोबिया, मचलेश चोरवाडे, बिहारी महोबिया, शमीम खान सुरेखा चोरवाडे, पुजा श्रीवास्तव एवं तेजराम आसटकर स्थापना शाखा प्रभारी, सुशीला रणदिवें भृत्य, श्याम वगारे, लक्ष्मीकांत सोनवाने, रमेश आसटकर अन्य कर्मचारियों की उपस्थिती में सम्पत्ति कर व जलकर की वसूली की गई एवं नगर परिशद लांजी के सम्पत्तिकर एवं जलकर उपभोक्ताओं द्वारा नेशनल लोक अदालत में अपनी उपस्थिती देकर बडे बकायादारों द्वारा अपनी बकाया वर्श की सम्पत्ति कर व जल कर(टेक्स) जमा कर छूट का लाभ लिया गया एवं परिशद के सभी राजस्व शाखा से जुडे कर्मचारियों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा सभी सम्माननीय करदाताओं का आभार प्रगट किया गया।

## नपा ने चलाया आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान, पहले दिन पकड़े गए 17 मवेशी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नये सीएमओ सूर्यप्रकाश उके के आने के बाद से लगातार आवारा पशुओं को पकडऩे की कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगरपालिका के अमले ने नगर के दीनदयाल चौक, कालेज चौक और बालाघाट सडक़ मार्ग पर घूमने वाले लगभग 17 आवारा पशुओं को पकड़ कर कॉजी हौस में बंद करने का कार्य किया हैं।

विदित हो कि नगर के चारों तरफ आवारा पशुओं की भरमार हैं। जो बस स्टैंड, सब्जी बाजार, नेहरु चौक से लेकर गोलीबार चौक के मुख्य सडक़ मार्ग, लालबर्रा मार्ग, बालाघाट मार्ग, कटंगी मार्ग सहित सभी स्थानों पर दिन व रात में घूमते रहते हैं। जिससे कई बार दुर्घटना घटती हैं और नागरिकों की जान भी चले जाती हैं। पिछले कुछ वर्षो में ऐसी ही घटनाओं में इन आवारा पशुओं के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी हैं।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी में अपनी पदस्थापना होने के बाद सीएमओ सूर्यप्रकाश उके को इन घटनाओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने पहले तो नगर में मुनादी कराकर पशुओं के मालिकों को अपने-अपने पशुओं को सडक़ पर घूमने के लिए नहीं छोडऩे की ताकीद दी और उसके बाद फिर इन पशुओं को पकडऩे का अभियान प्रारंभ करवाया हैं। जिससे पशु मालिकों में हडक़ंप मचा हुआ हैं।

लेकिन उसके बावजूद भी कुछ पशु मालिकों ने नगरपालिका की चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया हैं और अपने पशुओं को सडक़ों पर आवारा घूमने के लिए छोड़ रहे हैं। जिसको देखते हुए अब लगातार सडक़ों पर घूमने वाले पशुओं को पकडऩे का कार्य नगरपालिका की हॉका टीम द्वारा प्रारंभ किया गया हैं। जिसके तहत शुक्रवार को इस टीम ने 17 पशुओं को पकड़ कर कॉजी हौस में बंद किया हैं। वहीं यह टीम अब लगातार कार्यवाही कर रही हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने पशु मालिको से अपील की हैं कि वह अपने-अपने पशुओं को नगर की सडक़ों पर आवारा घूमने के लिए नहीं छोड़े, वह पालतू पशुओं को अपने घरों में बॉध कर रखे, अन्यथा पहले तो उन्हें पकड़ कर कॉजी हौस में रखा जायगा और यदि बार-बार यह पशु पकड़ में आए, तो पशु मालिको के नाम सार्वजनिक करने के साथ ही उनके खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई जायेगी।

## नेशनल लोक अदालत में 96 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी के व्यवहार न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित और प्रीलिटिगेशन के कुल 96 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों और प्रीलिटिगेशन के मामलों का निपटारा किया गया।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट माननीय प्राणेश कुमार प्राण, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय एवं सतीश शर्मा न्यायाधीश/सचिव महोदय के मार्गदर्शन में दिनांक 13 सितम्बर 2025 (शनिवार) को व्यवहार न्यायालय लांजी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया गया , जिसमें प्रीतम शाह न्यायाधीश और अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति लांजी ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिवक्तागण, बैंक अधिकारी और कर्मचारीगण, अन्य विभाग के कर्मचारीगण और न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य 138 प्रकरण रैफर किए गए थे, जिसमें से 35 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया और 4,55,170 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। बैंक, नगरपालिका और अन्य विभाग के प्रीलिटिगेशन के 559 प्रकरण रखे गए थे, जिसमें से 61 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 2,69,716 रुपये के अवार्ड पारित किए गए।नेशनल लोक अदालत के आयोजन से न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निपटारा करने और लोगों को न्याय दिलाने में मदद मिली।

## शास. महाविद्यालय किरनापुर में शिकागो उद्बोधन दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में आज दिनांक 11 सितम्बर 2025 को स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के बैनर तले ₹शिकागो उद्बोधन दिवस₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "वासुदेव कुटुम्बकम की प्रासंगिकता" रखा गया। साथ ही कार्यक्रम में रोजगार संबंधी संवाद भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्मसभा में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने "वासुदेव कुटुम्बकम" की संकल्पना को वर्तमान युग में अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा विद्यार्थियों को समझाया कि यह विचारधारा मानवता, भाईचारे और वैश्विक एकता की भावना को सुदृढ़ करती है। डॉ. जैन ने अपने रोचक और प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि यदि हम विश्व को एक परिवार मानकर चलें तो सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक वैमनस्य स्वतः समाप्त हो सकते हैं।

इसके पश्चात श्री धनेन्द्र बंसोड़ ने रोजगार संबंधित संवाद के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध करियर विकल्पों से अवगत कराते हुए यह बताया कि मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्सन योजना के संयोजक डॉ. शरद खत्री द्वारा किया गया । कार्यक्रम में छात्र छात्राओ ने बढचढकर हिस्सा लिया एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही ।

## पिकअप ने बाइक को टक्कर, जेठ और देवरानी गंभीर रूप से घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के सीतापठोर चौक में एक पिक-अप वाहन ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में बाइक सवार जेठ और देवरानी गंभीर रुप से घायल हुए है. जिन्हें सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद रेफर किया गया है. परिजन घायलों को बेहतर उपचार के लिए नागपुर के प्राइवेट अस्पताल लेकर गए है. शनिवार को दोपहर एक बजे तिरोड़ी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की शाम करीब 08 बजे सीतापठोर चौक में पिक-अप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. जिससे बाइक में सवार जेठ मोहम्मद फारूक अली पिता शरीफ अली उम्र 62 वर्ष निवासी सीतापठोर और देवरानी अनीता पति सूरज चचाने उम्र 45 वर्ष निवासी नागपुर गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जा रहा है कि अनिता नागपुर से अपने ससुराल आई हुई थी जेठ फारूक उन्हें सुकली रेलवे स्टेशन से लेकर सीतापठोर घर की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान सीतापठोर चौक में पिक अप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 3617 ने बाइक को टक्कर मार दी और घटना के बाद पिक-अप चालक वाहन को लेकर मौके पर फरार हो गया. घटना कारित करने वाले वाहन को कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरवानी में पकड़ लिया गया. पुलिस ने वाहन को जब्त कर तिरोड़ी थाने में अपनी अभिरक्षा में रखा है।

खबर संक्षेप

## राशन कार्डधारियों को कराना होगा ई-केवायसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन परिवारों की पात्रता का सत्यापन एम. राशन मित्र पोर्टल पर हो चुका है, ऐसे सभी हितग्राही अब घर बैठे अपने मोबाइल पर "मेरा ई-केवायसी एप" के माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवायसी कर सकते हैं। इसके अलावा लाभार्थी अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान (पीडीएस शॉप) पर जाकर भी यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी पात्र परिवार शीघ्रता से ई-केवादसी पूर्ण करें, ताकि आगामी सप्ताह से उनकी पर्ची जनरेट होकर खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

# घंसौर पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



चोरी के वारदात को अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा समस्त थाना प्रभारियो को चोरी के आरोपीयो को पकडऩे का निर्देश दिये जाने एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एस डी ओ पी पैसौर श्रीमती नम्रता सोधिया के मार्ग दर्शन में कार्यवाही करते हुये प्रार्थी रामसिंह गौंड पिता भजन लाल गौंड निवासी सुचनामेटा ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 30/07/25 को 12 बजे मैं अपने घर का ताला बंद कर मजदूरी करने बैंगलोर चला गया था। दिनांक 09/09/25 को करीब दोपहर 01 बजे बैंगलोर से मजदूरी करके वापस घर आया तो देखा घर के दरवाजा का ताला टूटा था। घर के अंदर रखे मेरी शादी के दहेज के पीतल की कसेड़ी, कांसे की थाली, ग्लास, गुड़वा कीमती करीब 20000/- रूपये (बीस हजार रूपये) के नहीं थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूध्द धारा 331(4),305 (ए) बी एन एस का अपराध क्र. 318/25 पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। थाना पेंसौर क्षेत्र में हुई चोरी के घटनाओ को अंकुश लगाने हेत मुखबिर की सूचना पर संदेही लेखसिंह पिता मख्खन पन्द्रे उम्र 40 साल निवासी ग्राम सुचानमेटा धाना घंसौर को दस्तायब कर हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया जो आरोपी ने लेखसिंह पन्द्रे ने रामसिंह गौंड के घर के चोरी किये हुये 04 नग पीतल की कसेड़ी, 01 पीतल की गिलास एवं 01 कांसे की थाली जप्त कराया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश कर जेल भेजा गया है।

**जप्त संपत्ति** 04 नग पीतल की कसेड़ी, 01 पीतल की गिलास एवं 01 कांसे की घाली। आरोपी लेखसिंह पिता मख्खन पन्द्रे उम्र 40 साल निवासी ग्राम सुचानमेटां थाना घंसौर।

**सरहानी कार्य-** निरीक्षक एल एस झारिया, प्रआर संतोष उईके, आर. लक्ष्मण उइके, आर. सुधीर ठाकुर की महत्वपूर्ण सरहानीय भूमिका रही।

## शिक्षिकाओं ने प्रधानपाठक राजकुमार शर्मा पर मानसिक उत्पीड़न एवं अनुचित व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आदिवासी कन्या आश्रम (अंग्रेजी माध्यम) चूनाभट्टी की शिक्षिकाओं ने प्रधानपाठक राजकुमार शर्मा पर कार्यस्थल पर मानसिक उत्पीडऩ एवं अनुचित व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। श्रीमती सुभा हेडाउ, माध्यमिक शिक्षक सहित अन्य शिक्षिकाओं ने संयुक्त आवेदन पत्र दिनांक 04 सितम्बर 2025 के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। दिनांक 10 सितम्बर 2025 को हुई समक्ष सुनवाई में शिक्षिकाओं ने बताया कि प्रधानपाठक श्री शर्मा द्वारा महिला शिक्षिकाओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, उनसे हाथ पकडऩे तथा एकांत में बात करने का दबाव बनाया जाता है तथा धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 सितम्बर 2025 को अपरान्ह आदेश जारी कर राजकुमार शर्मा को आदिवासी कन्या आश्रम चूनाभट्टी, सिवनी के प्रधानपाठक के प्रभार से कार्यमुक्त कर दिया। आगामी आदेश तक उन्हें अस्थायी रूप से शासकीय सांदीपनी विद्यालय, ग्राम सुकतरा (विकासखण्ड कुरई, जिला सिवनी) में गणित विषय अध्यापन हेतु पदस्थ किया गया है।

# लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी ने कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।



जिले के लखनादौन में 13 सितंबर को कन्या शिक्षा परिसर में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर एसडीओपी श्री भलावी का अभिनंदन किया। तत्पश्चात छात्राओं ने अपने भविष्य, करियर और पुलिस सेवा से जुड़े कई प्रश्न पूछे। एसडीओपी ने बच्चों के सवालों का उत्तर सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया और अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा के चार कैडरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को कठिनाइयों से न घबराकर निरंतर आगे बढऩे की प्रेरणा दी।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न किए, जैसे - वर्दी पहनने का अनुभव कैसा होता है, पुलिस सेवा चुनने की प्रेरणा कहाँ से मिली, पढ़ाई के लिए कौन से विषय चुने गए तथा इस सेवा में आने वाली चुनौतियाँ क्या हैं। इन सभी सवालों के जवाब श्री भलावी ने सहज भाषा और जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से दिए।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार प्रशंसा पत्र भेंट कर अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर छात्राओं ने यह भी साझा किया कि सक्षम कार्यक्रम से उनके जीवन और सोच में सकारात्मक बदलाव आए हैं।इस कार्यक्रम में सक्षम जिला प्रबंधक गौतम कुमार, ब्लॉक प्रबंधक नेत्रपाल कटरे, कन्या शिक्षा परिसर के समस्त स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# आवारा कुत्तों का आतंक, अनेक बच्चों को किया घायल

**सिवनी शहर और आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनता में दहशत और गुस्सा है। हाल ही में हुई एक दुखद घटना ने इस समस्या को और भी गंभीर बना दिया है। लोग सीधे तौर पर नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि अगर कोई और बड़ी घटना होती है, तो इसके लिए सिर्फ और सिर्फ प्रशासन ही जिम्मेदार होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रशासन की अनदेखी पर जनता का गुस्सा नागरिकों का कहना है कि उन्होंने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर कई बार नगरपालिका में शिकायत की है, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। शहर के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे वीडियो इस बात का सबूत हैं कि कुत्तों के झुंड सडक़ों पर घूमते रहते हैं, जिससे राहगीर, खासकर बच्चे और बुजुर्ग, असुरक्षित महसूस करते हैं।



फाईल फोटो

### प्रशासन की लापरवाही से भडक़ा आक्रोश

जनता का कहना है कि उन्होंने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर कई बार नगरपालिका में शिकायत की है, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। नागरिकों का आरोप है कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना भी खतरनाक हो गया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे वीडियो इस बात का सबूत हैं कि कुत्तों के झुंड सडक़ों पर घूमते रहते हैं, जिससे राहगीर, खासकर बच्चे, असुरक्षित महसूस करते हैं।

इस समस्या से परेशान एक स्थानीय नागरिक ने गुस्से में कहा, यह कोई पहला मामला नहीं है। अगर प्रशासन ने पहले ध्यान दिया होता, तो आज यह मासूम बच्ची हमारे बीच होती। अगर कोई और बड़ी घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगरपालिका की होगी और हम चुप नहीं बैठेंगे।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

जनता का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन सिर्फ कागजी कार्रवाई में उलझा हुआ है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता ने इस समस्या को और भी खतरनाक बना दिया है।

इस घटना के बाद से सिवनी की जनता में भारी रोष है। लोग अब इस मामले में तत्काल कार्रवाई, कुत्तों की नसबंदी और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया और प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि इस गंभीर समस्या को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### इनका कहना

नगर में आवारा कुत्तों को पकडऩे का अभियान शुरू हो चुका हे वर्तमान में कुत्तों को पकडऩे वाली जाली कुत्तों द्वारा काट दी जाती हे हम अब कुत्तों को पकडऩे वाली स्टीलजाली मंगवा रहे ।

**ज्ञानचंद सनोडिया कार्यकारी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद।**

**मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी सिवनी द्वारा नहीं किया जाता कॉल रिसीव**

## कलेक्टर सुश्री जैन की जल- जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम अंतर्गत किए जा रहे एकल एवं समूह नलजल योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर सुश्री जैन ने 752 ग्रामों की स्वीकृत एकल नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामवार योजना की पूर्णता, जलापूर्ति की स्थिति, पेयजल की गुणवत्ता, ग्राम में कनेक्शन की स्थिति, पाईप लाईन वितरण के संबंध में संबंधित उपयंत्री से सीधे चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण हो चुके ग्रामों की ऑनलाईन प्रविष्टी के साथ ही अपूर्ण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी सीईओ जनपदों को पूर्ण हो चुकी योजनाओं के हेंडओवर लेने के पूर्व जलापूर्ति तथा पेयजल की गुणवत्ता का सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने इस कार्य के लिए पीएचई, आरईएस तथा जनपद के अधिकारियों की समिति बनाकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने हेंडओवर के पूर्व ही सडक़ टूट-फूट के मरम्मत कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा जल निगम की झुरकी समूह नलजल योजना, सिद्धघाट, संगम घाट, बंडोल तथा पायली समूह नलजल योजना में शामिल 795 ग्रामों में जलापूर्ति की स्थिति, टंकी निर्माण कार्य एवं पाईप लाईन वितरण की समीक्षा कर समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ठेकेदारों को भी पूर्ण गुणवत्ता से समय-सीमा में कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

# जिला शिक्षा अधिकारी से की त्वरित कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों की लंबित मांगों पर ज्ञापन सौपा गया। इस ज्ञापन में वर्ष 2023 /24 में घोषित महंगाई भत्ते की किस्तों का एरियस का भुगतान शिक्षकों की अर्जित अवकाश पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करना तथा नवीन संवर्ग के शिक्षको सविलियन का कार्य शीघ्रता से संपन्न कराने विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी का विभागीय बैठक में व्यस्त होने के कारण सहायक संचालक आर पी पाटिल से चर्चा की गई।

जिस पर सहायक संचालक द्वारा शीघ्रता से शिक्षकों की समस्याओं की निराकरण हेतु बात कही गई तथा तत्काल सभी संकुल प्राचार्य को शिक्षकों की समस्याओं की निराकृत कर प्रतिवेदन दिनांक 25/9/ 2025 तक कार्यालय को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक सचिव संतोष सूर्यवंशी प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा श्री सचिन जैन उपाध्यक्ष जिला संघश्री अजय यादव छपरा विकासखंड अध्यक्ष उमेश उईके विकासखंड अध्यक्ष नगर अध्यक्ष श्रीमती पूजा पांडे कुरई संगठन मंत्री विनोद त्रिवेदी एवं रघुनाथ चौकसे उपस्थित रहे। इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर पेंशन निराकरण निवारण शिविर में शिक्षकों की पेंशन संबंधी समस्याओं पर सहायक पेंशन अधिकारी श्री उईके से चर्चा कर सेवा निवृत शिक्षकों पेंशन की लंबित समस्याओं और पी पी ओ जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई आगामी तिथियां में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल नवागत सहायक आयुक्त मीणा से मुलाकात कर आदिवासी विकासखंड में शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा सुनिश्चित कर उनके निवारण का प्रयास करेगा।

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा : मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**सिवनी** / प्रदेश में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 सितम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा को जन-जन तक पहुँचाया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विभागवार आयोजित होने वाली गतिविधियों को समयसीमा में व्यवस्थित और गौरवशाली ढंग से पूरा किया जाए। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, जनजाति कार्य, वन एवं संस्कृति सहित अन्य विभागों की विशेष गतिविधियाँ आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम, जनजागरूकता गतिविधियाँ, पौधारोपण एवं महिला-शक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रभावी ढंग से किए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज की सेवा भावना को सशक्त करना और जनभागीदारी के साथ शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुँचाना है। गौरतलब है कि यह अभियान 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ होगा, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

# जिला कांग्रेस समन्वय समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक विशेष बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्रेषित पत्र के अनुसार जिला कांग्रेस समन्वय समिति में निम्नानुसार पदाधिकारी एवं सदस्यों का समावेश किया गया है जो कि निम्नानुसार हैः- नरेश मरावी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि परासिया विधायक, जिला सहप्रभारी विवेक अवस्थी, केवलारी विधायक ठा. रजनीश सिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा, पूर्व विधायक रमेशचंद जैन, पूर्व विधायक श्रीमती नेहा सिंह,बरघाट पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि असलम खान, विष्णु करोसिया, सेवकराम चन्द्रवंशी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार, ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहनसिंह चंदेल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विनोद वासनिक, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, श्रीमती रैनवती मानेश्वर पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत सिवनी, देवेन्द्र ठाकुर अध्यक्ष-जिला युवा कांग्रेस, श्रीमती चित्रलेखा शाह नेताम अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, मुबारक खान, जिला मुख्य संगठक-कांग्रेस सेवादल, धनंजयसिंह, अध्यक्ष-जिला एनएसयुआई, रामायणसिंह सिसोदिया, अध्यक्ष, जिला किसान कांग्रेस खेत मजदूर विभाग, शिवदीप डहेरिया, अध्यक्ष, सोशल मीडिया विभाग, नितिन डहेरिया, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, विजय उइके, अध्यक्ष, जिला आदिवासी कांग्रेस, अनीस खान, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, विनोद यादव, अध्यक्ष जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, शफीक खान नेताप्रतिपक्ष, नगरपालिका परिषद सिवनी, आजम दीवान अली, जिला कांग्रेस निर्वाचन कार्य प्रभारी एवं जिले की चारो विधानसभा से नियुक्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रभारियों में बरघाट विधानसभा से राहुल उइके, केवलारी विधानसभा से राकेश राजपूत, लखनादौन विधानसभा से संदीप बंटी जैन एवं राजेश दुबे, सिवनी विधानसभा से घनश्याम सनोडिया जिला कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य होंगे। जिला समन्वय समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक विशेष बैठक दिनांक 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार को पूर्वाः 11 बजे, जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में रखी है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला कांग्रेस समन्वय समिति के नवनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अपील की है।

# हिंदीः विविधता में एकता का सेतु

हिंदी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि भारत की भाषाई विरासत को जोड़ने वाली साझा पहचान है। "हिंदी हैं हम, वतन है हिंदोस्तां हमारा" अल्लामा इक़बाल की मशहूर ग़ज़ल की यह पंक्ति आज भी भारतीय आत्मा को झकझोरती है। सोचने वाली बात यह है कि इक़बाल उर्दू और फ़ारसी के विद्वान थे, पंजाबी भाषी क्षेत्र में रहते थे, पर राष्ट्र की चेतना को उन्होंने हिंदी के सहारे अभिव्यक्त किया। आखिर उन्होंने हिंदी को ही क्यों चुना? शायद इसलिए कि यह भाषा भारत के विविध समाज को एक सूत्र में पिरोने की ताक़त रखती है। आज़ादी के आंदोलन में हिंदी ने देश को एकजुट किया। लेकिन स्वतंत्र भारत में समय-समय पर हिंदी को लेकर विवाद खड़े होते रहे हैं। कभी बेंगलुरु मेट्रो में हिंदी नामपट्टियों को ढका जाता है, तो कभी तमिलनाडु में किसी सरकारी परिपत्र पर विरोध की लहर उठती है। साफ है कि हिंदी का विरोध सांस्कृतिक कम और राजनीतिक अधिक है।

भारत बहुभाषी देश है। यहां लगभग 1600 से अधिक बोलियाँ और 22 संवैधानिक भाषाएं जीवंत हैं। हर भाषा की अपनी विरासत है, और उनका संरक्षण ज़रूरी भी है। राज्य पुनर्गठन आयोग ने भी भाषाई आधार पर राज्यों की स्थापना कर विविधता का सम्मान किया। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि राष्ट्रीय संवाद की कोई साझा भाषा न हो। और वस्तुतः हिंदी के अलावा कोई और भाषा इस भूमिका में नहीं खड़ी हो सकती। अमृतसर से रामेश्वरम और गुजरात से असम तक, हिंदी समझने और बोलने वाले कहीं भी मिल जाते हैं। हिंदी की स्थिति अजीब है। 70 करोड़ से अधिक लोग इसे बोलते हैं, हिंदी सिनेमा और प्रवासी भारतीयों के दम पर यह वैश्विक स्तर तक पहुँच चुकी है, फिर भी इसे वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसका यह हक़दार है। वजह साफ है—राजनीतिक जाल और मानसिकता। अहिंदी भाषी प्रांतों में हिंदी के प्रति असहजता, और हिंदीभाषी समाज का स्वयं अंग्रेज़ी को प्रतिष्ठा का प्रतीक मान लेना—दोनों ही हिंदी को कमजोर करते हैं।

दुनिया का अनुभव बताता है कि जिसने अपनी भाषा को संजोया, वही आगे बढ़ा। रूस, जापान, चीन या इज़रायल—सभी देशों ने अपनी मातृभाषा को ही प्रगति का माध्यम बनाया। इज़रायल ने तो हिब्रू जैसी मृतप्राय भाषा को पुनर्जीवित कर दिया। फिर हम क्यों नहीं हिंदी को उसके योग्य स्थान दिला पाते? क्या यह हमारी असहिष्णुता है या आत्मविश्वास की कमी?

हिंदी किसी अन्य भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं है। इसका साहित्य, इसकी वैज्ञानिक संरचना और इसकी सरलता इसे अन्य भारतीय भाषाओं के साथ पुल का कार्य करने योग्य बनाती है। महात्मा गांधी, राजगोपालाचारी और खान अब्दुल गफ्फार खाँ जैसे नेताओं ने भी हिंदी को राष्ट्र की भाषा मानने की वकालत की थी। आज भी हिंदी बाजार से लेकर सामाजिक जीवन तक, देश की अघोषित राष्ट्रभाषा है।

लेकिन सच यही है कि हिंदी की सबसे बड़ी चुनौती बाहर से नहीं, भीतर से है। अंग्रेज़ी मानसिकता और राजनीतिक स्वार्थ ही इसे बार-बार कटघरे में खड़ा करते हैं। दुनिया को जानने के लिए कई भाषाओं की ज़रूरत हो सकती है, लेकिन भारत को समझने के लिए हिंदी ही पर्याप्त है। इक़बाल ने यह बात बीसवीं सदी की शुरुआत में समझ ली थी, लेकिन हम अभी तक नहीं समझ पाए। सवाल यही है—आख़िर कब समझेंगे हम कि हिंदी हमारी पहचान है, हमारी ताक़त है और हमारे वतन की साझा आवाज़ है?

## अवैध कीटनाशक विक्रय पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देश एवं उप संचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में शुक्रवार 12 सितम्बर को कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। सहायक संचालक पवन कौरव ने निरीक्षण के दौरान अमर राय द्वारा कीटनाशक दवाओं का अवैध विक्रय किया जाना पाया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना बंडोल में आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए अवैध विक्रय एवं मिलावटी कृषि आदानों पर सख्त रोक लगाई जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दुकानों का नियमित निरीक्षण कर केवल पंजीकृत एवं गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान ही किसानों तक पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उप संचालक कृषि श्री धुर्वे ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# सिवनी जिले में लगातार सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले पांडे क्लासेस के स्टूडेंट ने एक बार फिर रचा इतिहास

**सिवनी जिले को गौरवान्वित करने वाले लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित छात्र आभाष राहंगडाले ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादे सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



हर सफल छात्र के पीछे एक शिक्षक होता है जो उस पर तब विश्वास करता है जब वह खुद भी नहीं करता

**पांडे सर** -सिर्फ सपना देखना काफी नहीं होता उसे सही दिशा दिखाने कड़ी मेहनत कराने के लिए मार्गदर्शक की भूमिका अहम होती है ।पांडे सर ने साबित कर दिया कि वह पढ़ाते ही नही भविष्य बनाते हैं।

लेफ्टिनेंट आभाष का कहना है पांडे सर से पढ़ने के बाद कुछ भी कभी कठिन नहीं लगा । अच्छी बात है यहां ग्रुप स्टडी होती है जिससे पढ़ाई इंट्रेस्टिंग हो जाती है । पांडे सर समय समय पर स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते रहते है वो सिर्फ पढ़ाते ही नहीं पर्सनेलिटी भी बनाते है । मेरे आत्मविश्वास और दृढ़िइच्छाशक्ति कड़ी मेहनत ने ही मुझे आज सफलता दिलाई है । पांडे सर प्रत्येक स्टूडेंट पर ध्यान देते हैं और सभी पर बहुत मेहनत करते हैं । आपको अच्छा गुरु मिल जाए तो आप सब कर सकते हो ।मै हमेशा पांडे सर के मार्गदर्शन में ही आगे बढ़ता चला गया।

आभाष राहंगडाले ने अपनी शिक्षा सिवनी जिले में रहकर 9 th से 12th तक पांडे क्लासेस में पढ़कर उच्चतम स्कोर प्राप्त किया । यहां से JEE में सफल होकर ,MANIT bhopal , IIT खड़गपुर से लेफ्टिनेंट तक का सफर तय किया।

पांडे क्लासेस के संचालक अनुराग पांडे का कहना है - सफलता कोई इत्तेफाक नहीं होती, हमारे यहां सुनियोजित शिक्षण पद्धति उच्च शिक्षा का स्तर एवं अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है कि हर छात्र मानसिक रूप से ही नहीं भावनात्मक रूप से ही अपने जीवन में सफल हो और आगे बढ़े।

**पांडे सर** - मुझे गर्व है मेरे छात्र ने लेफ्टिनेंट बनकर अपने सपने को साकार किया। मैने बस रास्ता दिखाया, मेहनत तो आभाष ने की। यही असली गुरुदक्षिणा होती है - एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि।

इससे पूर्व भी पांडे क्लासेस से शिक्षा प्राप्त किए कई क्षात्र ने देश विदेश के हर क्षेत्र में जैसे IIT, JEE, NEET, NLUI, NDA, CDS, बैंकिंग, सिविल सर्विसिस में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

# शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय के लेखापाल के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

## कहा-मेंटली टॉर्चर करते हैं; शिक्षा समिति अध्यक्ष ने जांच का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के खैरलांजी ब्लॉक के शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय के लेखापाल वरूण देव के खिलाफ शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने जनपद पंचायत उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार और विधायक प्रतिनिधि को अपनी शिकायत दी।



शिक्षकों का आरोप है कि लेखापाल उन पर दबाव बनाकर ओटीपी मांगता है और उसके जरिए राशि का आहरण करता है। फाइलें अटकाने और भुगतान रोकने के बाद शिक्षकों से ओटीपी लेकर उनके अकाउंट्स से पैसे निकाले जाते हैं।

माध्यमिक और प्राथमिक प्रधानपाठकों को डिजीगो आईडी और पासवर्ड नहीं दिए गए हैं। लेखापाल स्वयं इसे ऑपरेट करता है। स्कूलों में विभिन्न कार्यों के लिए व्यय होने वाली राशि प्रधानपाठकों से ओटीपी पूछकर निकाल ली जाती है। यह अधिकार प्रधानपाठकों का है। इस स्थिति में अगर किसी प्रधानपाठक के खिलाफ आर्थिक गड़बड़ी की शिकायत होती है तो वह जिम्मेदार होंगे।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ महासचिव यामिनी मर्सकोले ने कहा कि लेखापाल का व्यवहार शिक्षकों के प्रति अनुचित है। पीड़ित शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से लिखित शिकायत की है। उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शिक्षा समिति अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे ने कहा कि लेखापाल के खिलाफ मिली शिकायतों की जल्द जांच की जाएगी।

### सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने की बैठक

# हड़ताल के 6 वें दिन सहकारिता मंत्री हाय-हाय के लगे नारे



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी सहित बालाघाट जिले और पूरे मध्य प्रदेश में सहकारिता विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल 06वें दिन शनिवार को भी जारी रही. कटंगी में सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने सतारा रोड़ स्थित सामुदायिक भवन में एक बैठक कर हड़ताल की आगे की रणनीति बनाई और संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत करवाया. इस हड़ताल का अब व्यापस असर दिखाई दे रहा है. अगर बात कटंगी की करें तो यहां सहकारिता विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से क्षेत्र की सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह से ठप हो गई है करीब 37 हजार से अधिक गरीब परिवारों को अनाज नहीं मिल पा रहा है. किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है जबकि खाद आकर रखा हुआ है. सहकारी बैंकिंग कामकाज बंद होने से खाताधारक भी परेशान हो रहे है।

### सहकारिता कर्मचारियों की यह है मांग

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों कि सरकार से मांग है 60 प्रतिशत भर्ती सहकारी समितियों से जिला बैंकों में की जानी थी, लेकिन अब तक यह भर्ती नहीं हुई शीघ्र ही भर्ती करवाई जाए. अक्टूबर 2023 में आदेश हुआ था कि विक्रेता समिति के कर्मचारियों को हर महीने 3,000 रुपये अतिरिक्त दिए जाएँगे, लेकिन अब तक उनके खातों में यह पैसा नहीं आया. जबकि प्रदेश के 18 जिलों में यह राशि दी जा चुकी है. इन कर्मचारियों को भी 18 महीने का बकाया 54,000 रुपये तुरंत दिया जाए. इसके अलावा अंतिम मांग है 25 जुलाई 2024 को आयुक्त सहकारिता और पंजीयक ने आदेश दिया था कि समिति कर्मचारियों को अनुदान की राशि से एक निश्चित हिस्सा दिया जाएगा, लेकिन अब तक यह भुगतान नहीं हुआ है. यह भुगतान किया जाए. कर्मचारी सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग कर रहे है।

### समिति कर्मचारियों ने सुनाई पीड़ा

हड़ताल पर बैठे सहकारी कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष गौरीशंकर क्षीरसागर ने बताया कि उक्त तीन मांगों के अलावा और भी कई समस्याएं है. जिसका निराकरण नहीं होने से सहकारिता विभाग का कर्मचारी मानसिक अवसाद का शिकार होता है. उन्होंने उदाहरण के तौर पर उपार्जन कार्य के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि शासन कर्मचारियों से उपार्जन का कार्य तो करवा लेती हे बहुत से आश्वासन दिए जाते है लेकिन सरकार अपने वादे को पूरा नहीं करती. गत वर्ष जब कर्मचारियों ने उपार्जन करने से मना कर दिया था तब शासन ने झूठा आश्वासन दिया. जब कमीशन की राशि तत्काल मांगी गई तो नहीं मिली. धान का परिवहन समय पर नहीं हो पाया. जिस कारण नमी आने पर इसका खामियाजा कर्मचारियों को ही भुगतना पड़ता है. समितियों ने अपने पास की राशि खर्च की किंतु आज तक कमीशन की राशि नहीं मिली. उन्होंने बताया कि कई समितियों में धान बेचने वाले किसानों को सरकार ने भुगतान नहीं दिया. ऐसे किसानों को समितियों को भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया. किसानों को समिति के द्वारा दी गई यह राशि भी आज तक नहीं मिली है जबकि सरकार ने धान खरीदी की थी. सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने सरकार से नाराज होते हुए आज बैठक के दौरान सहकारिता मंत्री और पंजीयक के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाए और मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल को जारी रखने की बात कहीं।

### 1383 प्रकरणों का निराकरण कर 4.83 करोड़ रुपए के अवार्ड पारित

**बालाघाट**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में 13 सितम्बर 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु समस्त विभागों के अधिकारी, समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समय-समय पर प्रोत्साहित किया गया एवं निरंतर समीक्षा भी की गई, जिसके परिणामस्वरूप नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया जा सका। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री प्राणेश कुमार प्राण के कर कमलों द्वारा किया गया।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा

**बालाघाट**। बालाघाट में प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन यानी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। सांसद भारती पारधी ने इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक ली। इस संबंध में बैठक लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। कलेक्टर मृणाल मीणा ने बताया कि जिला स्तर पर गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। सभी एसडीएम विकासखंड स्तर पर कार्यक्रमों का कैलेंडर बनाएंगे। पखवाड़े में स्वास्थ्य विभाग रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। 21 सितंबर को आत्मनिर्भर विकसित भारत के तहत नमो मैराथन होगी। 25 सितंबर को 'एक पेड़ और एक बगिया मां के नाम' कार्यक्रम में पौधरोपण किया जाएगा। 27 सितंबर को दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर लगेगा।

### 8 से 14 सितंबर तक श्रीमद भागवत कथा का चल रहा आयोजन

# कथावाचक शिवांगी दीदी ने धार्मिक एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में श्री हरिकथा आयोजन में कथावाचक शिवांगी दीदी ने धार्मिक एकता का संदेश दिया। उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेन्द्र शास्त्री के मुस्लिमों पर दिए बयान के संदर्भ में अपनी राय रखी।



मोतीनगर चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 8 से 14 सितंबर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। शिवांगी दीदी ने कथा में कृष्ण और मां यशोदा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे कृष्ण ने मां यशोदा से गायों के लिए जूती बनवाने की जिद की।

मीडिया से बातचीत में शिवांगी दीदी ने कहा कि भारत में कई लोग भारतीय संस्कृति को मानते हैं। उन्होंने बताया कि कथा सुनने विभिन्न धर्म के लोग श्रद्धा से आते हैं। शिवांगी दीदी ने अपने जीवन के बारे में बताया कि वह बचपन से शिक्षक बनना चाहती थीं। ठाकुर जी की कृपा से वह कथावाचक बन गईं। उन्होंने एकल अभियान की सराहना की जो नगर और गांव को जोड़ने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब एक महिला धर्म से जुड़ती है तो वह दो परिवारों को संस्कारित करती है। कथा से भक्ति और शक्ति दोनों का जागरण होता है। युवाओं को धर्म की ओर आने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि इससे भारत विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम में एकल अभियान की कथाकार गीता किशोरी, चंद्रकला आर्मो, जिलाध्यक्ष गौरव दुबे, महिला जिलाध्यक्ष श्वेता सेठिया और अन्य लोग मौजूद रहे।

# पांडेवाड़ा गांव में सरकारी जमीन को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लामता क्षेत्र के पांडेवाड़ा गांव में सरकारी जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मौरिया पंचायत के इस गांव में खसरा नंबर 42 की करीब 3 एकड़ भूमि पर दो पक्ष दावा कर रहे हैं।

एक तरफ मां दुर्गा स्व-सहायता समूह इस जमीन पर पौधारोपण करना चाहता है। समूह की सचिव गंगा टेंभरे का कहना है कि उनके पास ग्राम पंचायत से लेकर कलेक्टर तक के दस्तावेज हैं। वे गांव के पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पौधारोपण कर रहे थे, जिसे दूसरे पक्ष ने उखाड़ दिया।



दूसरी तरफ ग्रामीण इस जमीन को आवासीय उपयोग के लिए चाहते हैं। ग्रामीण सुरेन्द्र मर्सकोले ने बताया कि उन्होंने 28 परिवारों के लिए इस भूमि को चिन्हित किया है। ग्रामीणों ने जमीन पर प्लॉट बनाने के लिए लकड़ियां भी गाड़ दी थीं।

मौरिया की सरपंच श्यामबती इंदुरकर के अनुसार यह छोटे झाड़ के मद की भूमि है और इस पर पौधारोपण अनुचित है। विवाद की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार डी.एस. मेरावी, राजस्व निरीक्षक लामता, राजस्व निरीक्षक चांगोटोला, हल्का पटवारी और ग्राम रक्षक मौके पर पहुंचे।

# टटेकसा में निःशुल्क संस्कार कोचिंग में बच्चो को निशुल्क पढा रहे शिक्षक



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शिक्षा ही वह कुंजी है जो समाज की दिशा और दशा बदल सकती है। जब साधन सीमित हों और बच्चों के सपने गरीबी की वजह से अधूरे रह जाएँ, तब कुछ लोग अपनी निःस्वार्थ सेवा भाव से कुछ ऐसा कर गुजरते है की जो दुसरो के लिए प्रेरणा बनती है । खैरलांजी कटंगी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टटेकसा में रविना जितेन्द्र गौतम और उनके सहयोगी साथी ने ठीक ऐसा ही किया है। उन्होंने अपने संसाधनों से गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क संस्कार कोचिंग सेंटर खोलकर अंचल के करीब 30 बच्चो को निस्वार्थ भाव से पढाए जा रहा है । बताया गया की निःशुल्क संस्कार कोचिंग का संचालन मेधावी छात्र सम्मान समिति द्वारा किया जा रहा है । 10वीं 12वीं इंग्लिश क्लास महेन्द्र अमाडारे , 10 की गणित तेरस ठाकरे , 12वीं गणित रामेश्वर भगत , रसायन विज्ञान राजेंद्र चन्ने , भौतिक विज्ञान, प्रवीण डहरवाल , जीव विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान, इंग्लिश रवीना जितेंद्र गौतम, के द्वारा सुबह 7 से 9 बजे से पढ़ाया जा रहा है । जितेन्द्र गौतम ने बताया की शिक्षा ही समाज का वास्तविक रत्न है उनके सहयोगी साथी इस रत्न को हर गरीब बच्चे तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं। हम सब इस मुहिम से जुड़ें और बच्चों के भविष्य को संवारने में अपनी भूमिका निभाएँ।

### वन व्यवस्थापन की प्रक्रिया आगामी आदेश तक के लिए स्थगित की गई है

# 55 वनखंडों में वन व्यवस्थापन को लेकर ग्रामीण अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार के प्रति सतर्क और सचेत रहें : एसडीएम गुप्ता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने उत्तर वन मंडल के 55 वन खंडों में वन व्यवस्थापन के संबंध में ग्रामीणों से अपील की हैकि वे अफवाहों, भ्रामक प्रचार व दुष्प्रचार पर ध्यान न दें, बल्कि इसके प्रति सतर्क एवं सचेत रहें। वन व्यवस्थापन की प्रक्रिया आगामी आदेश तक के लिए स्थगित की गई है । इन 55 वनखण्डों में निवासरत जनजातीय एवं अन्य समूहों के लोगों के अधिकारों को चिन्हित कर निराकृत किया जाएगा। इसके पश्चात ही वन व्यवस्थापन की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी।

बैहर एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि दिनांक 30 जनवरी 2025 को वनमंडलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल, बालाघाट से प्राप्त पत्र के परिप्रेक्ष्य में बैहर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित 55 वनखंडों में वन व्यवस्थापन प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। यह कार्यवाही भारतीय वन अधिनियम, 1927 तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2009 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही है। वन व्यवस्थापन प्रक्रिया का उद्देश्य वनों का सतत एवं वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करना होता है, जिसमें जैव विविधता का संरक्षण, वन संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग तथा स्थानीय समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा प्रमुख है। इसके अंतर्गत परिशिष्ट-5 एवं परिशिष्ट-6 का प्रकाशन किया गया था, जिसकी विधिवत सूचना संबंधित प्रत्येक बीट एवं ग्राम में सार्वजनिक रूप से दी गई थी।

यह देखा जा रहा है कि इस प्रक्रिया को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ, अफवाहें एवं भ्रामक प्रचार फैलाया जा रहा है, जिससे आमजन, विशेषकर आदिवासी समुदायों में आशंका उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में एसडीएम श्री गुप्ता ने बालाघाट, जिला प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया है कि वन व्यवस्थापन की यह प्रक्रिया किसी भी व्यक्ति अथवा समुदाय के पारंपरिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है।जब तक संबंधित वन क्षेत्रों में निवासरत सभी पारंपरिक वनवासी समुदायों के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकारों की पहचान और निराकरण पूर्ण रूप से नहीं हो जाता, तब तक वन व्यवस्थापन की कार्यवाही को पूर्ण नहीं किया जाएगा।

बालाघाट जिला प्रशासन जनजातीय समुदायों के अधिकारों को लेकर पूर्णतः संवेदनशील है और वर्तमान में बड़ी संख्या में वनाधिकार दावों का परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों को अधिकार-पत्र (पट्टे) वितरित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक दूरस्थ ग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण स्वयं उपस्थित होकर आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं एवं त्वरित समाधान भी कर रहे हैं।

### 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

**वारासिवनी**। भाजपा नगर मंडल वारासिवनी द्वारा भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता एवं नवमनोनीत भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले एवं जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले की विशिष्ट उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले व मंत्री रेखा गोखले का भाजपा का गमछा पहना कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस कार्यशाला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम करने के विषय पर चर्चा की गई।

### पीपलगांव खुर्द में लगाया गया बाघ चौपाल' जागरूकता अभियान

# बाघ चौपाल' से जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को फिल्म दिखाकर टाइगर से बचाव के बताए जा रहे तरीके

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाघ चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है की ग्रामीणों को बाघों और वन्यजीवों से जुड़े खतरों से बचाना, मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकना और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में संगीत, नुक्कड़ नाटक, और फिल्म प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीवों से खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए जाते हैं। कुछ जगहों पर, वन विभाग ने ग्रामीणों को 'टाइगर मित्र' के रूप में चुनकर उन्हें वन्यजीवों से संबंधित घटनाओं की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित भी किया है। बाघ चौपाल₹ एक विशिष्ट कार्यक्रम है जो MP Info की जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश में ग्रामीणों को वन्यजीवों से संबंधित जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था. वन विभाग पश्चिम लांजी द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण के साथ ही मानव-वन्य प्राणी द्वंद से बचाव के लिये पीपलगांव खुर्द के ग्रामीणों को बाघ चौपाल के माध्यम से बाघ फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया।इस नवाचार में पीपलगांव बिट में शाम के समय ग्रामीणों को फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम यह बताया जा रहा है कि जब किसी वन्य प्राणी का गांव एवं खेत के पास वन विभाग द्वारा रेस्क्यू किया जाता है, तो वहाँ पर भीड़ नहीं लगानी चाहिये और अवांछित लोगों के बहकावे में न आकर वन विभाग की रेस्क्यू टीम को सहयोग करना चाहिये। बाघ चौपाल में ग्राम के सभी लोगों को एक स्थान पर इकट्ठा करके वन विभाग की टीम द्वारा फिल्म दिखाने के अलावा वन्य प्राणी से बचाव के तरीकों की जानकारी भी दी गई। वन विभाग ने गामीणों को महवपूण सुरथा टिप्स दीं। वन्य जीव दिखने पर तुरंत वन कर्मियों को सूचित करने की सलाह दी गई।तेदुए से सामना होने पर पीठ न दिखाएं और धीरे-धीरे पीछे हटें।खेतों में समूह में काम करें और शाम को अकेले शौच के लिए न जाएं। खुले मे सोने से बचें।वन विभाग का मानना है कि ग्रामीणों की सतर्कता और सुरक्षा निर्देशों का पालन मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में मदद करेगा। विभाग का प्रयास है कि वन्यजीवों के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व स्थापित किया जा सके।



# शासकीय बालक स्कूल हट्टा में मनाया गया उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

12 सितंबर को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से हुआ जिसमें स्कूल के प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े द्वारा उमंग कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए कहा कि किशोरावस्था की चुनौतियों का सामना करने में उमंग कार्यक्रम अत्यधिक उपयोगी साबित हो रहा है जिसमें विद्यार्थी स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपना कर व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में भी लाभान्वित हो रहे हैं । कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के उमंग आरोग्य दूत डॉक्टर योगेश बिसेन एवं श्रीमती रामेश्वरी तुमसरे द्वारा किया गया व कहा कि जीवन कौशल शिक्षा के अंतर्गत , विभिन्न खेल कहानी एवं चर्चा के माध्यम से अवगत कराया इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा में नियुक्त ₹उमंग₹ हेल्थ एंड वैलनेस मैसेंजर का अभिवादन किया गया ₹मैं हूं राजा₹कहानी के माध्यम से परिवार और समाज में हम सभी अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं इसका संदेश दिया गया। वही खेल गतिविधि एवं जलेबी अंक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया उत्साहवर्धक वार्म अप गतिविधियों में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी दी एवं आकर्षक इनाम जीते। डॉ. नाजली कुरैशी द्वारा ,₹उमंग₹ शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी व हिंदी में प्रेरणादायी शब्दों को जोड़कर उमंग है तो जीवन का रंग है को सार्थक किया इसके पश्चात उमंग गीत की सभी विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे, दीपा गोस्वामी, मदन पारधी,अमूल्य कुमार भालाधारे , भावेजी , येरपुड़े जी ,मानेश्वर जी समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । वही उमंग दिवस कार्यक्रम में संस्था के छात्र पारस बिसेन,भावना हेडाऊ, स्वाति बिसेन, पलक रंगारे ,रौनक ऊके , की भूमिका सराहनीय रही।



